# DEV SANSKRITI COLLEGE
## OF EDUCATION & TECHNOLOGY

Khapri, Dhamdha Road, Durg (Chhattisgarh)

Accredited with B+ Grade by NAAC

E-Mail Id – officedscet@gmail.com

# वार्षिक प्रतिवेदन
## (Annual Report)

सत्र : 2023–24

प्रस्तुति
श्रीमती ममता दुबे
प्रभारी प्राचार्य

# महाविद्यालय का परिचय

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ग्राम–खपरी, पोस्ट–जेवरा सिरसा, धमधा मेन रोड, जिला–दुर्ग में स्थित है। महाविद्यालय का संचालन वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति द्वारा 2007 से किया जा रहा है। हमारा महाविद्यालय रेलवे स्टेशन से महज 6 किमी. की दूरी पर व IIT कुटेला भाठा भिलाई से 2 किमी. की दूरी पर स्थित है। महाविद्यालय का स्वयं का विशाल भवन सर्वसुविधायुक्त संरचना के साथ–साथ बहुत सुंदर उद्यान जो कि प्लास्टिक तंबाकू मुक्त परिसर में उपस्थित है साथ ही साइकिल स्टैंड व आऊटडोर खेलों के लिए विशाल खेल का मैदान भी उपलब्ध है। हमारे महाविद्यालय का मुख्य सिद्धांत **'तमसो मा ज्योर्तिगमय'** अर्थात् **'हे प्रभु' ।** 'हमें अज्ञानता से ज्ञान की प्रकाश की ओर ले चलो' है। इस सिद्धांत के अन्तर्गत ही हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का प्रकाश प्रज्जवलित करता है। सत्र 2021–22 में हमारे महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया हुई जिसमें महाविद्यालय को B+ ग्रेड प्राप्त हुआ। महाविद्यालय परिसर में सत्र 2022 से मेडिसिनल गार्डन का भी निर्माण किया गया जिसमें विभिन्न औषिधीय पौधों को संग्रहित किया गया है, जो कि कोरोनाकाल की एक बहुत बड़ी मांग थी।

हमारे महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तग्रत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योगा, पर्सनाल्टी डेवलपमेंट, व इंग्लिश कम्यूनिकेशन के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। सत्र 2018–19 से महाविद्यालय में केंचुआ खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है व आसपास के ग्रामीण विद्यालयों में कीटनाशकों के उपयोग व प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

हमारे महाविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं के साथ MoU समय – समय पर महाविद्यालय में इन संस्थाओं के साथ विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। हमारे महाविद्यालय में विभिन्न धर्म, जाति व समुदाय के विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं परंतु हमारे आध्यात्मिकता व मौलिकता पर आधारित ज्ञान के द्वारा वे बेहतर इंसान बनकर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। IQAC की स्थापना के पश्चात महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण में वृद्धि व विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा में सर्वांगीण विकास भी किया जाता है।

# प्राध्यापक सूची

| S.No. | Name of the teacher | Designation | Nature of appointment | Name of Dept. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Kuber Singh Gurupanch | Principal | Permanent | |
| 2. | Mrs. Mamta Dubey | Assit.Prof | Permanent | Computer Sci. |
| 3. | Mr. Jaihind Kachhoriya | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 4. | Mrs. Priyanka Pandey | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 5. | Miss Afrin | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 6. | Mr. Amit Kumar Agne | Assit.Prof | Permanent | Commerce |
| 7. | Miss. Preeti Janghel | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 8. | Mrs. Jyoti Purohit | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 9. | Mrs. Reena Manikpuri | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 10. | Mrs. Kirtilata Soni | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 11. | Mrs.Prity Pandey | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 12. | Mrs.Varsha Sharma | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 13. | Miss. Chitrarekha Raghuvanshi | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 14. | Mrs. Vandan Kosre | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 15. | Mrs. Harnoor Kaur | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 16. | Mrs. Varsha Yadav | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 17. | Mrs. Dhaneshwari Sahu | Assit.Prof | Temporary | Arts/Edu. |
| 18. | Mrs. Pratima Manikpuri | Assit.Prof | Temporary | Lib. Science |
| 19. | Mr. Laxmi Narayan | Assit.Prof | Temporary | Art Edu. |
| 20. | Babita Singh | Assit.Prof | Temporary | Commerce |

# गैर शैक्षणिक सूची

| S.No. | Name of the Staff | Post |
|---|---|---|
| 1) | Mr. Vinod Nair | Accountant |
| 2) | Mr. Ganesh Sahu | Office Superintendent |
| 3) | Mr. Yogesh Sahu | Librarian |
| 4) | Mr. Parmanand Gautam | Office Assistant |
| 5) | Mr. Sujeet Kumar | Data Entry operator |
| 6) | Mr. Sagar | Driver |
| 7) | Smt. Nirmala | Sweeper |
| 8) | Smt. Neeta | Sweeper |
| 9) | Smt. Tara Bai | Sweeper |
| 10) | Smt. Pratima Bai | Sweeper |
| 11) | Smt. Sarojani Bai | Sweeper |

# सांस्कृतिक गतिविधियॉ

हमारे महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस वर्ष आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :–

- दिनांक 03.07.2023 को महाविलय में गुरूपुर्णिया के अवसर पर यज्ञ हवन का आयोजन किया गया।
- 28 अगस्त 2023 को महाविद्यालय में शिव रूद्राभिषेक (सावन माह) किया गया।
- 19 सितंबर 2023 को गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाविद्यालय में गणपति जी की स्थापना की गई।
- दिनांक 21.10.2023 को नवरात्रि पर्व पर महाविद्यालय में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया।
- 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन महाविद्यालय में हुआ।
- दिनांक 03.02.2024 को महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।
- 14 फरवरी 2024 को बसंत पंचमी के अवसर पर महाविद्यालय में माँ सरस्वती जी की पूजा की गई।
- दिनांक 08.03.2024 महाशिवरात्रि पर महाविद्यालय में शिव रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया।
- 23 मार्च 2024 को महाविद्यालय में होली त्यौहार मनाया गया।
- 27 अप्रैल 2024 का महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

# पाठयेत्तर गतिविधियाँ

- दिनांक 09.02.2024 को महाविद्यालय के बी.एड– प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा कम्यूनिटि कैंप का आयोजन ग्राम चिखली में किया गया है।
- दिनांक 04.04.2024 को महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में डॉ. एन. पापाराव का व्याख्यान अधिगम सिद्धान्त के अंतर्गत बन्डूरा का सामाजिक अधिगम सिद्धांत के विषय में हुआ।

# सहपाठयेत्तर गतिविधियाँ

- 17 जुलाई 2023 से 20 जुलाई 2023 को ऑनलाइन वृक्षारोपण के अंतर्गत महाविद्यालय में पेड़ लगाये जीवन बचायें का आयोजन किया गया।
- 21 अगस्त 2023 को महाविद्यालय में सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।
- दिनांक 23.08.2023 को महाविद्यालय में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 25 अगस्त 2023 को विश्व उद्यमिता दिवस पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता रखा गया।
- 09 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
- दिनांक 16.09.2023 को महाविद्यालय में मेहन्दी प्रतियोगिता रखा गया।
- दिनांक 13.10.2023 को मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय चिखली में मतदाता रैली का कार्यक्रम किया गया।
- 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता तथा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।
- 04 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह के रूप में रैंप वॉक, नृत्य आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 08 नवम्बर 2023 को लोकतंत्र में मतदान का महत्व के रूप में विधानसभा चुनाव के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 24 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में संविधान दिवस – भारतीय संविधान के बुनियादी मूल्य के उपलक्ष्य में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 22.01.2024 को आयोध्या में बने भगवान राम जी के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विशिष्टोत्सव के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया।
- 06 फरवरी 2024 को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में मतदान हम सब का अधिकार के विषय में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07.02.2024 को महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान का महत्व के विषय में भाषण एवं परिचर्चा प्रतियोगिता तथा गोद ग्राम जेवरा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम के सार्वजनिक स्थलों पर किया गया।

# खेलकूद गतिविधियॉ

**एथलेटिक्स प्रतियोगिता**

- महाविद्यालय की छात्रा काजल ने सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में 1500 मीटर में द्वितीय स्थान एवं 500 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की छात्रा रिंपल ने 1500 मीटर में सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 3 दिवसीय 20वीं राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर में महाविद्यालय की छात्रा काजल ने 1500 मीटर में तृतीय स्थान तथा रिंपल ने 800 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- All India Inter University Cross Country (Men/Women)(SRTM University Nanded) द्वारा आयोजित खेल में काजल प्रतिभागी के रूप में शामिल थे।
- 72वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया हमारी महाविद्यालय की छात्राएं रूखसार अली, डी अनुशा ने उपविजेता का खिताब जीता।
- 31 जनवरी से 4 फरवरी तक 5वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अन्तर्गत हमारे महाविद्यालय की होनहार खिलाड़ी रूखसार ने उपविजेता के तौर पर रजत पदक प्राप्त किया।

# छात्रवृत्तियॉ

हमारे महाविद्यालय में विभिन्न संवर्गो से विद्यार्थी आते है। जिन्हे केंद्र आयोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसमें 160 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। साथ ही महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस वर्ष से फ्री शिप देने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

## Government Scholarship Scheme (ST/SC/OBC)

| Category | Total No of Student | Amount in Rs |
|---|---|---|
| OBC | 111 | 546770.00 |
| SC | 20 | 202435.00 |
| ST | 29 | 267415.00 |
| Total | 160 | 1016620.00 |

# Free ship Scheme by the Institution

इस वर्ष हमारे महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बी.कॉम व बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं के शिक्षण शुल्क में रियायत दी जाये ताकि विद्यार्थी अपने स्नातक स्तर की पढ़ाई सुचारू रूप से कर सके। रियायत के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को शिक्षण शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट दी गई व खेल कूद में भागीदारी करने वाले छात्र–छात्राओं को भी शिक्षण शुल्क में 80 प्रतिशत की छूट दी गई।

## महाविद्यालय का पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या – 6,987 थी।

| | | |
|---|---|---|
| समाचार पत्रिका | – | 03 |
| पत्रिकाएँ | – | 10 |
| जर्नल्स | – | 05 |
| ई–बुक्स | – | 209 |

## पुस्तकालय अभ्यास

**गत वर्ष** पुस्तकालय के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण अभ्यास कराये गये जो निम्नानुसार है :–

- दिनांक 01.02.2024 को ग्रंथालय विभाग द्वारा एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय "Introduction of Library Science & Management." था।
- दिनांक 12.08.2023 को पुस्तकालय दिवस का आयोजन किया गया।

## आंतरिक मूल्यांकन

महाविद्यालय में सत्र 2023–24 में समय समय पर विद्यार्थियो के लिए इकाई परीक्षा, अर्द्धवार्षिक परीक्षा व मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया। समग्र आंतरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा व पीपीटी प्रस्तुतीकरण, प्रोजेक्ट कार्य, फील्ड वर्क तथा विभिन्न प्रतियोगिताओ के आधार पर किया जाता है।

# सोसायटी एवं इकाईयाँ
## रेडक्रॉस सोसायटी

हमारे महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी का 20/08/2021 में गठन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की वर्तमान प्रभारी सुश्री प्रीति जंघेल है तथा सोसायटी के वालेन्टीयर के रूप में महाविद्यालय की छात्र–छात्राऍं भी शामिल है। गतवर्ष रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- दिनांक 22.07.2023 हरेली त्यौहार के अवसर पर महाविद्यालय एवं विभिन्न संस्थानो में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28.07.2023 को जूनियर रेडक्रॉस शाखा एवं जिला आपदा प्रबंधन के संयुक्त आयोजन में रेडक्रॉस छात्र–छात्राओं व काउंसलर हेतु पोटिया दुर्ग के पीछे माता तालाब में बाढ़ आपदा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रेडक्रॉस प्रभारी व छात्र–छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी।
- दिनांक 12.08.2023 को रेडक्रॉस ईकाई द्वारा वृद्धा आश्रम में सेवा कार्य का आयोजन किया गया।
- दिनांक 29.08.2023 को वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 21 सितंबर 2023 अंतराष्ट्रीय शांति दिवस पर वाद–विवाद का आयोजन किया गया जिसका विषय ''भारत देश के परिप्रेक्ष्य में अंतराष्ट्रीय शांति हेतु किये गये कार्य कितने सार्थक है'' था।
- दिनांक 01.10.2023 को गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के नजदीकी परिसरों में स्वच्छता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनांक 03.10.2023 को गांधी जयंती व शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में नशा उन्मूलन पर साइकल रैली का आयोजन किया गया।
- दिनांक 16.10.2023 को महाविद्यालय परिसर में विश्व आपदा प्रबंधन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 01.12.2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के अवसर पर एल्यूमनि सहयोग द्वारा एकदिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

## महिला सेल

महिला सेल द्वारा महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो इस प्रकार है–

- दिनांक 06/03/2024 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं महिला जागरूकता का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उप पुलिस अधिक्षक श्रीमती शिल्पा साहू, ए.एस.आई. संगीता मिश्रा एवं उनकी रक्षा टीम एवं विशेष अतिथि एवं प्रवक्ता मिस नीता जैन (अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष एवं दुर्ग की पार्षद) द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं कानूनी जागरूकता का व्याख्यान तथा महिलाओं की आत्मरक्षा संबंधी ट्रेनिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति

30 सितम्बर 2023 को यौन उत्पीड़न संबंधी जानकारी ग्राम– जेवरा, सरपंच कार्यलय में डॉ. किरण बाला पटेल संस्थापक किरण एजुकेशन फाउन्डेशन, श्री अरबिन्दो योग एंड नॉलेज के द्वारा धाराएं, कानून व सजा की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सरपंच श्री प्रशांत कुमार गौतम, श्रीमती रीमा सिंह चंदेल, प्रधानपाठिका (जेवरा मिडिल स्कूल) उपस्थित रहे।

## रैगिंग विरोध समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैंगिंग विरोधी समिति गठित की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के समय ही रैगिंग विरोधी कानूनो के बारे में छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाता है। समिति के सदस्यों द्वारा छात्र–छात्राओं को काउंसलिंग द्वारा रैगिंग विरोधी कानून की जानकारी दी गई तथा उनसे शपथ पत्र भी भराई गई। दिनांक 18.08.2023 को महाविद्यालय में रैगिंग विरोधी विषय पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। समिति की सर्तकता के कारण सत्र–2023–24 के दौरान कोई भी रैंगिंग संबंधी मामला संज्ञान में नही आया है।

# शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में शिकायत निवारण समिति का भी गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत छात्र– छात्राओं के द्वारा शैक्षिक एवं प्रबंधन संबंधी समस्याओं का निवारण किया जाता है। इस सत्र में 4 शिकायते लिखित रूप में प्राप्त हुई, जिनमें से कुछ का निवारण प्राचार्य की उपस्थिति में समिति के द्वारा किया गया एवं कुछ का निवारण आगामी सत्र में कर दिया जायेगा।

# आध्यात्मिक यात्रा एवं क्षेत्र कार्य

इस वर्ष बी.कॉम, डी.एल.एड व बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा पर्यावरण विषय के क्षेत्र कार्य के अन्तर्गत सौर ऊर्जा पर कार्य किया गया। जिसके अन्तर्गत छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम– खपरी व खम्हरिया के करीब 100 घरों में सर्वे किया गया तथा सौर ऊर्जा के महत्व व उपयोगों के बारे में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए सर्वे प्रपत्र भराया गया।

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को आध्यात्मिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव मंदिर में ले जाया गया जो जिला– कबीरधाम में स्थित है जिसका मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को लेकर नवीन धारणा विकसित करना था।

# नैतिक जागरण कार्यशाला

दिनांक 10.01.2024 को महाविद्यालय के श्रीराम शर्मा हॉल में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के छात्रों द्वारा हमारे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को नैतिक जागरण कार्यशाला के अंतर्गत अनुशासित दिनचर्या के पालन करने हेतु प्रशिक्षण दिया व कहानी के माध्यम से नैतिक मूल्यों की जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला का आयोजन भारतीय संस्कृति समिति गायत्री शक्ति पीठ जिला दुर्ग के द्वारा कराया गया।

# फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा दस दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन **दिनांक 03.06.2024 से 12.06.2024** तक **IQAC CELL** द्वारा किया गया। जिसका **विषय "Research Methodology"** था। कार्यक्रम के प्रथम चार दिनों में **डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता (सहा. प्रा. शिक्षक शिक्षा विभाग, सेन्ट्रन यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा)** द्वारा शोध पद्धतियों की अवधारणा, साहित्य समीक्षा एवं चरों की पहचान, शोध व प्रश्नावली डिजाइन, अनुसंधान परिकल्पना व नमूनाकरण तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले पाँच दिनों में **प्रो. एस. के. त्यागी (देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर, म.प्र.)** द्वारा डेटा विश्लेषण के विभिन्न पैरामिट्रिक टेस्ट जैसे **स्वतंत्र– T टेस्ट–I, T टेस्ट–II, पेयर्ड T टेस्ट, एनोवा–I, एनोवा–II** टेस्ट के बारे में **SPSS की गणना** द्वारा विस्तारपूर्वक अभ्यास कराया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

देव संस्कृति कॉलेज मे एआई इन हायर एजुकेशन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 23.02.2024 से 24.02.2024 को किया गया। कार्यक्रम को प्रथम दिन के प्रथम सेशन में **श्री लीलकांत देवांगन (सहा. प्रा. कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी. जी.एच.राय सोनी कॉलेज नागपुर)** के द्वारा ऑल इन एजुकेशन टू वर्ड ऑल संसटेनेबल डेवलपमेंट रिवोल्यूशन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सेशन में **श्रीमती लतिका ताम्रकार (सहा. प्रा. आईटी साइंस कॉलेज दुर्ग)** ने एआई के विभिन्न टूल्स व एप्स के प्रयोगों की जानकारी  प्रदान की गई। कार्यशाला के द्वितीय दिवस के सेशन में **डॉ. अंजलि औवधिया (प्रो. व एच.ओ.डी. भौतिकशास्त्र विभाग साइंस कॉलेज रायपुर)** इमर्जिंग एण्ड एक्जिस्टिंग ऑफ ए.आई. एवं ऑपरचुनिटिस चैलेंजस एण्ड इट्स फयूचर ऑफ ए.आई. पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# एकदिवसीय मशरूम फार्मिंग एण्ड वर्मी कम्पोस्ट कार्यशाला

देव संस्कृति कॉलेत ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी खपरी दुर्ग (छ.ग.) में 01.02. 2024 को एकदिवसीय मशरूम फार्मिंग एण्ड वर्मी कम्पोस्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर श्री सौरभ जंघेल यू.के. मशरूम फूड प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित थे। महाविद्यालय में कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्‌देश्य विद्यार्थी में उद्यमिता एवं कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए स्वावलंबन की शिक्षा प्रदान करना था।

# गोद ग्राम योजना

- 16 फरवरी 2023 स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 08 सितंबर 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गयी।
- दिनांक 30.09.2023 को यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।
- दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती मनाया गया।
- दिनांक 22.12.2023 को विकसित भारत@2047 भारत सरकार के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता पर कार्यक्रम किया गया।
- दिनांक 15 अप्रैल 2023 को एक दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

# अन्र्राष्ट्रीय संस्थान से अनुबंध (MoU)

महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यो के लिए विभिन्न संस्थानो के साथ अनुबंध किया जाता है। सत्र 2023–24 में श्री अरबिन्दो योगा एण्ड नॉलेज फाउंडेशन (NGO) के साथ दिनांक 01.10.2023 को अनुबंध किया गया। जिसके अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 25.11.2023 में पांडिचेरी में किया गया। जिसका विषय **''Future Innovations & Sustainable Development for Asian Countries".** जिसमें हमारे महाविद्यालय की सहभागिता भी रही। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हमाने महाविद्यालय के 8 प्राध्यापकों ने अपने शोध पत्रिका प्रस्तुत किये उनमे 5 प्राध्यापकों ने भौतिक रूप से उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दी।

# महाविद्यालय की बेस्ट प्रेक्टिस

**इस वर्ष महाविद्यालय में दो बेस्ट प्रेक्टिस को अपनाया गया, जो इस प्रकार हैं –**

- **गतिविधि आधारित कौशल शिक्षण –** इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण छात्रों में कौशल शिक्षण के प्रति इच्छा जागृत करना है। छात्रों में कौशल शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम बी.एड़ के प्रशिक्षणार्थी के द्वारा विभिन्न शा. शालाओं में आयोजित किया जाता हैं। जिसके अंतर्गत दीप सज्जा, मेंहदी प्रशिक्षण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मूर्तिकला, हस्तकला, खेलकूद, व्यायाम, शिक्षा पर आधारित मॉडल बनाना, वृक्षारोपण व हेंड वाश बनाने का प्रशिक्षण शामिल है। इसके द्वारा छात्र एक आत्मनिर्भर व्यक्तित्व के रूप में सफलता प्राप्त करता है।

- **महिला सशक्तिकरण –** इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं व छात्राओं का सामाजिक सशक्तिकरण करना है। इसके अंतर्गत ग्राम गोद योजना के द्वारा व महिला प्रकोष्ठ के द्वारा निकटस्थ ग्राम जेवरा में विभिन्न प्रकार जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जैसे – ग्राम जेवरा में शा. उच्चतर मा. विद्यालय में छात्राओं के लिए स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम तथा छात्र–छात्राओं के लिए यौन शोषण संबंधी कार्यशाला, महिलाओ के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही महिला दिवस के अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित महिलाओं का सम्मान महाविद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप पुलिस अधिक्षक श्रीमती शिल्पा साहू, ए.एस.आई. संगीता मिश्रा एवं उनकी रक्षा टीम द्वारा महिलाओं की आत्मरक्षा संबंधी ट्रेनिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं विशेष अतिथि एवं प्रवक्ता मिस नीता जैन (अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष एवं दुर्ग की पार्षद) द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं कानूनी जागरूकता का व्याख्यान दिया गया।

## महाविद्यालय की उपलब्धियॉ

- इस वर्ष बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र धनंजय चंद्रवंशी व सुभाष चंद्रवंशी ने CMA फाउन्डेशन की परीक्षा में प्रथम बार में ही सफलता प्राप्त की।
- महाविद्यालय के विभिन्न छात्र–छात्राओं ने सी–टेट व सीजी–टेट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त किया।
- अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हमारे महाविद्यालय के 8 प्राध्यापकों ने अपने शोध पत्रिका प्रस्तुत किये उनमे से 5 प्राध्यापकों ने भौतिक रूप से उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दी।
- महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा शोध पत्र एवं पुस्तक के अध्याय का प्रकाशन भी किया गया।
- इस वर्ष महाविद्यालय की शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती ज्योति दुबे को पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई।
- इस वर्ष महाविद्यालय में ग्रीन ऑडिट ISO : Certification से कराया गया।

## भविष्य की योजनाएँ–

- नये पाठ्यक्रम बी.एस.सी. का प्रारंभ किया जाएगा।
- राष्ट्रीय या अंर्तराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।
- विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण मुद्दों पर कार्य करना।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में पेपर प्रस्तुतीकरण में वृद्धि।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ मिलकर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।
- NIRF में रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा।

अंत में मै महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको, गैर शिक्षक कर्मचारियों, छात्रो, अभिभावको, समस्त प्रशासन विभागों, समस्त पत्रकार बंधुओ, सभी सामाजिक संगठनो और उन सभी विशिष्ट व्यक्तियों को धन्यवाद् देना चाहती हूॅ, जिन्होने समय समय पर अपना सहयोग दिया।

मै सभी विद्यार्थियो और समस्त स्टॉफ की तरफ से मुख्यअतिथि का विशेष रूप से आभार व्यक्त करती हूॅ जिन्होने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपना बहूमूल्य समय निकाला और सभी विद्यार्थीयों को अपना आर्शीवाद दिया व उत्साहित किया। आप के सहयोग, सक्रियता व मार्गदर्शन से महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियॉ प्राप्त की है, व ऊॅचाई की बुलंदियो को छुआ है।

मै सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को बधाई देती हूॅ और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करती हूॅ।

Incharge
Dev Sanskriti College of Edu. & Tech
Khapri, Durg (C.G.)

श्रीमती ममता दुबे
प्रभारी प्राचार्य